# City 24 News
शहर आपका, खबर आपकी

ऑनलाइन हिन्दी डिजिटल ई-पेपर | वर्ष 2, अंक 27, पेज 8, मंगलवार, 13 फरवरी, 2023 | संपर्क: 9818180269

www.city24news.in ! youtube@city24media ! facebook@www.city24news.in ! twitter@city24media


# किसानों का दिल्ली कूच आज, जाने से पहले ध्यान दें, वरना जाम में फंसे रहेंगे

सिटी24न्यूज/ब्यूरो

नई दिल्ली। अपनी कई मांगों को लेकर किसान संगठन आज दिल्ली कूच कर रहे हैं। दिल्ली पहुंचकर किसान संगठन केंद्र सरकार के खिलाफ विरा.ेध प्रदर्शन करने वाले हैं। किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए दिल्ली पुलिस हाई अलर्ट पर है। पुलिस ने दिल्ली के बॉर्डर को सील कर दिया है। गाजीपुर, टीकरी और सिंघु बॉर्डर पर बैरिकेडिंग और लोहे के कंटीले तार लगाकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। इसके साथ ही पुलिस ने सुरक्षा के देखते हुए राजधानी में धारा–144 भी लागू कर दी है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने आज के लिए खास ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। ऑफिस जाने से पहले ट्रैफिक के टॉप 10 अपडेट जरूर पढ़ ले, वरना आप ट्रैफिक जाम में फंस सकते हैं।



फरीदाबाद से गाजियाबाद की तरफ आने वाले वाहन कालिंदीकुंज वाले रूट का इस्तेमाल करें। इस रूट से नोएडा जाना भी आसान रहेगा। हालांकि ट्रैफिक और दिनों की तुलना में स्लो हो सकता है। नोएडा सेक्टर–62 से गाजियाबाद लाल कुआं गाजियाबाद की तरफ अभी ट्रैफिक बाधित नहीं है। हालांकि आज किसानों के दिल्ली कूच के दौरान इस रुट पर और दिनों की तुलना में ट्रैफिक स्लो होने की संभावना है।

वाहन चालकों के लिए सलाह है कि वह गाजियाबाद से इस एक्सप्रेस–वे पर यात्रा करेंगे तो वह उनके लिए सुविधाजनक होगा, क्योंकि दिल्ली से आने वाले वाहन आज यूपी गेट के आसपास जाम में फंस सकते हैं।

एनएच–9 से नोएडा सेक्टर–62 की तरफ जाने वाले वाहन चालकों को आज जाम मिल सकता है। हालांकि नोएडा के इंटर्नल रास्तों पर दिनभर ट्रैफिक जाम होने की संभावना काफी कम है।

आप हरियाणा से सिंघु बॉर्डर होते हुए दिल्ली आ रहे हैं, तो ध्यान रहे कि आप थोड़ा ज्यादा समय लेकर ही निकलें। दरअसल आज सिंघु बॉर्डर के आसपास ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा।

यूपी के किसान गाजियाबाद के यूपी गेट से दिल्ली की तरफ दाखिल होने की कोशिश करेंगे। ऐसे में आज वसुंधरा रेडलाइट, जीटी रोड और मोहन नगर चौराहे पर हैवी ट्रैफिक देखने को मिलेगा।




**ORDER**

(Under Section 144 of Criminal Procedure Code, 1973)

Whereas, the Samyukta Kisan Morcha, the Kisan Mazdoor Morcha and several other Farmers Unions and Associations have announced a 'Delhi Chalo' march, on 13th of February, 2024 to hold protest outside the Parliament House, to press their demands.

And whereas there exists a well-founded apprehension/possibility that the participants of the aforementioned march, may try to enter into the territory of Delhi from various entry points along its borders with adjoining States to reach New Delhi and to hold demonstrations to assert their demands. There is an imminent risk of widespread tension, public nuisance, public annoyance, social unrest and the potential for violence on account of the participants of the march entering into the territory of Delhi/New Delhi. The participants are likely to use tractors, trolleys/trailers as mode of transport for entering into the territory of Delhi/New Delhi, which will inevitably be a great hazard on Delhi roads and will cause danger to other road users/residents of Delhi/New Delhi. Flying of tractor is also banned in New Delhi.

And whereas the convergence of such a large number of potential agitators presents a serious significant threat to public safety, the security of public and private property and the maintenance of public peace/order and tranquility within the region.

And whereas there is a likelihood that some anti-social elements/agitator groups may take advantage of the situation and indulge in activities prejudicial to the maintenance of peace, public order as well as law & order in Delhi/New Delhi.

Therefore, to ensure public safety, tranquility and public order in Delhi/New Delhi, it has become imperative to take all required precautionary steps to keep a check on the activities of the participants of the above-mentioned march for which no permission has been granted. More particularly taking into consideration the past experience of farmer agitation organised in 2020 and valuable inputs of large scale serious law & order problem, received from intelligence agencies, it is necessary to take legal step to avoid any such situation.

Now, therefore, in exercise of the power conferred upon me by virtue of Section 144 of the Criminal Procedure Code 1973(No.2 of 1974) read with Government of India, Ministry of Home Affairs, New Delhi notification No. U-11036/3/1978(1)UTL dated 01.07.1978, I, Sanjay Arora, Commissioner of Police, Delhi promulgate the following orders for maintaining peace, tranquility, public safety and public order in Delhi:

**a. Prohibition on Assembly:** There shall be a prohibition on blocking of roads, passages, any type of procession agitation, rally, public meeting by the agitators or general public or public representatives by way of assembly/gathering of five or more persons with or without weapons in the entire jurisdiction of Delhi, except for purposes specifically permitted under law.

**b. Prohibition of carrying processions/rallies:** There shall be an absolute prohibition on the organization, convening, or participation in any processions, demonstrations, rallies, or march on foot, whether for political, social, or any other purpose, within the geographical limits of Delhi/New Delhi.

**c. Restriction on entry of Tractor Trolleys:** No tractor trolleys, trucks, or any other vehicles transporting individuals or materials, and especially those carrying implements such as sticks/lathis/dandas, swords, spears, bludgeons, firearms or any other thing capable of being used as weapons or tools of violence, shall be permitted entry into the territory of Delhi.

**d. Ban on Carrying Corrosive Substances or Explosives:** There shall be a ban on the carrying of any fire-arms, explosives, corrosive substance or any lethal weapon or any other article capable of being used as a weapon of offence or defence at any public place within the territory of Delhi/New Delhi, with immediate effect. Similarly, there is complete prohibition on collecting or carrying of brickbats, boulders, acids or any other dangerous fluid, petrol, soda water bottles or any articles capable of use for causing danger in any form to human life and safety.

**e. Enhanced Border Security Measures:** All vehicular traffic originating from the borders/pickets of adjoining Districts of neighboring States i.e. Haryana and Uttar Pradesh and heading towards Delhi shall be subjected to rigorous and thorough inspection by law enforcement authorities stationed at designated checkpoints. Any vehicle found to be transporting lathis, rods, banners, or similar objects likely to be used for disruptive purposes shall be denied entry into Delhi.

**f. Prohibition on Provocative Actions or Utterances:** It shall be unlawful for any person, group, or organization to disseminate, propagate, or utter any provocative slogan, speech, or message, whether through verbal, written, or electronic means, which may incite or inflame passions leading to a breach of public order and tranquility.

**g. Prohibition on use of Loud-speaker:** There shall be an absolute prohibition on the use of any amplifier, loud-speaker or other similar instrument in or at any private vehicles or private building or public place unless allowed by the competent authority.

# हुड्डा के गढ़ में सेंधमारी, बॉक्सर स्वीटी बूरा और दीपक हुड्डा ने ज्वाइन की बीजेपी

सिटी24न्यूज/ब्यूरो

रोहतक। हरियाणा में बीजेपी ने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के गढ़ में सेंधमारी की है। गढ़ी सांपला किलोई हलके से पूर्व विधायक एवं भजनलाल सरकार में मंत्री रहे कृष्ण मूर्ति हुड्डा ने कांग्रेस का दामन छोड़ बीजेपी को ज्वाइन कर लिया है। उनके अलावा भारतीय कब्बड्डी टीम के पूर्व कप्तान दीपक निवास हुड्डा और अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज स्वीटी बूरा ने भी बीजेपी का दामन थाम लिया है। इस सभी ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की मौजूदगी में ज्वाइन की। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी व कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल भी मौजूद रहे।



बता दें कि हरियाणा के पूर्व मंत्री कृष्ण मूर्ति हुड्डा ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। पूर्व मंत्री कृष्ण मूर्ति हुड्डा ने अपने समर्थकों को 12 फरवरी को सेक्टर 6 स्थित राजीव गांधी स्टेडियम के मुख्य द्वार के बाहर एकत्रित होने को कहा था। आज सुबह उनके समर्थक वहां पहुंचे फिर वे जुलूस के रूप में पार्टी के नए कार्यालय में जाकर बीजेपी में शामिल हुए।

कृष्णमूर्ति हुड्डा वर्ष 1991 में किलोई विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक चुने गए थे। इसके बाद वे हरियाणा की भजनलाल सरकार में श्रम मंत्री रहे। वर्ष 2005 में भी कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। लेकिन भाजपा में 11 माह ही रहे। तत्पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल ने जब हरियाणा जनहित कांग्रेस पार्टी का गठन किया। तब वे जनहित कांग्रेस के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। बाद में जनहित कांग्रेस भी छोड़ दी और दोबारा कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। शुरुआत में भूपेंद्र सिंह हुड्डा से कृष्णमूर्ति हुड्डा के मतभेद रहे।

# जमीन–आसमान तो क्या अंतरिक्ष से भी रखी जा रही है सीमाओं पर नजर

सिटी24न्यूज/एजेंसी

नई दिल्ली। मोदी सरकार ने सीमाओं को और ज्यादा चाक–चौबंद करने की दिशा में कई बड़े कदम उठाए। सीमाई इलाकों में यातायत सुविधा बढ़ाने की बात हो या सुरक्षा बलों को अत्याधुनिक उपकरण ों से लैस करने की, पिछले 10 वर्षों में सीमा सुरक्षा को नई ऊंचाई देने का सराहनीय प्रयास हुआ है। सरकार ने बुनियादी ढांचे के विकास, रसद बढ़ाने और सशस्त्र बलों के लिए कनेक्टिविटी में सुधार को लेकर कई बड़े कदम उठाए हैं। खासकर, उत्तर में चीन–पाकिस्तान से सटी सीमाओं पर इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर भरपूर निवेश हो रहा है। वहीं, सेना और सैन्य प्रतिष्ठानों को जासूसी और साइबर हमलों से बचाने के लिए साइबर सिक्योरिटी इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी तेजी से दुरुस्त किया जा रहा है। इतना ही नहीं, सीमा पर निगरानी और आपात परिस्थिति में त्वरित कार्रवाई को लेकर भी सुविधाओं की विस्तार हो रहा है। जमीन से लेकर आसमान ही नहीं बल्कि अंतरिक्ष तक, जहां जो संभव है, सीमा पर निगरानी को नए मुकाम तक पहुंचाया जा रहा है। मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल पर जारी सीरीज में आज रक्षा क्षेत्र से जुड़ी तीसरी कड़ी पेश है।



दारबुक–श्योक–दौलत बेग ओल्डी (डैक्ठद) सड़कः बीआरओ सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण और रखरखाव में सहायक रहा है। इसने कनेक्टिविटी और रणनीतिक पहुंच में सुधार के लिए कई परियोजनाएं शुरू की हैं। डीएसडीबीओ लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (र।ब) के पास दौलत बेग ओल्डी हवाई क्षेत्र को संपर्क प्रदान करती है। यह भारतीय सेना के अग्रिम चौकियों तक सप्लाई लाइनों को सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है।

अटल सुरंगः अटल सुरंग (रोहतांग सुरंग) दुनिया की सबसे लंबी राजमार्ग सुरंग है जो 10 हजार फीट से ऊपर है। यह हिमालय में मनाली और लेह के बीच हर मौसम में संपर्क प्रदान करता है, यात्रा का समय कम करता है और लद्दाख क्षेत्र को रसद संबंधी सहायता बढ़ाता है। इसका उद्घाटन अक्टूबर 2020 में हुआ था।

अरुणाचल प्रदेश पूर्व–पश्चिम गलियाराः सरकार ने अरुणाचल प्रदेश में एक पूर्व–पश्चिम गलियारे की योजना बनाई है, जो चीन की सीमा से लगे इस रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्य में संपर्क को काफी हद तक बेहतर करेगा।

पुल निर्माणः सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलों का निर्माण प्राथमिकता रही है। ये पुल सैनिकों और भारी उपकरणों की तीव्र आवाजाही सुनिश्चित करके सशस्त्र बलों की परिचालन क्षमता में सुधार करते हैं। महत्वपूर्ण परियोजनाओं में पूर्वोत्तर में ढोला–सदिया पुल का निर्माण, अरुणाचल प्रदेश से कनेक्टिविटी बढ़ाना शामिल हैं।

रेलवे प्रॉजेक्ट्स

बिलासपुर–मनाली–लेह लाइनः सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक, यह रेलवे लाइन हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर को लद्दाख के लेह से जोड़ने का लक्ष्य रखती है। पूरा होने के बाद यह दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ट्रैक होगा, जो लद्दाख क्षेत्र में सैनिकों की आवाजाही और आपूर्ति को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा। इस लाइन में भारत–चीन सीमा के पास स्ट्रैटिजिक स्टेशन भी होंगे, जो आर्म्ड फोर्सेज को लॉजिस्टिक्स संबंधी सहायता मुहैया कराएंगे।

हवाई क्षेत्र और अडवांस लैंडिंग ग्राउंड

सीमा क्षेत्रों के पास मौजूदा हवाई क्षेत्रों और एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड (एएलजी) को अपग्रेड किया जा रहा है और कुछ मामलों में सशस्त्र बलों के लिए एरियल सपॉर्ट कैपिसिटी को बढ़ाने के लिए दोबारा सक्रिय किया गया है। अपग्रेडेशन में बड़े विमानों को शामिल करने के लिए रनवे का विस्तार करना, अडवांस नेविगेशन सिस्टम स्थापित करना और सभी तरह के बुनियादी ढांचे में सुधार करना शामिल है।

अग्रिम लैंडिंग ग्राउंड का विकासः एएलजी आमतौर पर रणनीतिक क्षेत्रों में स्थित होते हैं, विशेष रूप से हिमालयी क्षेत्रों और पूर्वोत्तर राज्यों में सशस्त्र बलों को महत्वपूण र्ा रसद और हवाई सहायता प्रदान करने के लिए। वे खासकर किसी भी सीमा से संबंधित इमर्जेंसी के जवाब में सैनिकों और उपकरणों की तेजी से तैनाती के लिए महत्वपूर्ण नोड के रूप में कार्य करते हैं।

पुराने एएलजी का अपग्रेडेशनः सरकार की पहल के तहत कई पुराने और बंद एएलजी को पुनः सक्रिय और उन्नत किया गया है। इसमें रनवे का लंबा होना, नए एप्रन का निर्माण और आधुनिक हवाई क्षेत्र उपकरणों की स्थापना शामिल है। दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ), न्योमा, लद्दाख में फुचे और अरुणाचल प्रदेश में टुटिंग, मेचुका, अलोंग, पासीघाट और जीरो जैसे फिर से सक्रिय किए गए एएलजी ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमताओं के लिए महत्वपूर्ण हैं।

हवाई अड्डों का अपग्रेडेशनः भारतीय सरकार ने मौजूदा हवाई अड्डों के आधुनिकीकरण के लिए व्यापक प्रयास किए हैं। इसमें बड़े विमानों को समायोजित करने के लिए रनवे का विस्तार करना, नेविगेशनल एड्स में सुधार करना और हवाई यातायात प्रबंधन प्रणालियों को उन्नत करना शामिल है। आधुनिकीकरण में उन्नत लैंडिंग एड्स और रात्रि संचालन क्षमताओं को स्थापित करना भी शामिल है।




# "ग्राम परिक्रमा यात्रा" राजकुमार वोहरा ने किया अभियान का किया शुभारंभ

## सरकार अंत्योदय के सिद्धान्त और ग़रीब कल्याण को समर्पित



सिटी24न्यूज/ब्यूरो

फरीदाबाद। भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को पूरे देश में ग्राम परिक्रमा यात्रा की शुरूआत कर दी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा इस यात्रा की शुरूआत उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के मां शाकुंभरी मंदिर स्थित शुक. रताल से की। इस मौके पर उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राजकुमार चाहर मौजूद रहे। ग्राम परिक्रमा यात्रा के शुभारंभ में 50 हजार से अधिक किसान मौजूद रहे और फरीदाबाद के गांव जवां की चौपाल पर बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया। कार्यक्रम में किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बलदेव अलावलपुर के साथ, भाजपा जिला अध्यक्ष राज. कुमार वोहरा, जिला उपाध्यक्ष सुखबीर मलेरना, किसान मोर्चा के आईटी सेल प्रमुख पंकज सिंगला, मनीष राघव, कुशल ठाकुर, योगेश तेवतिया, नरवीर मलिक सहित गांव के सैंकड़ों लोग एवं किसान मौजूद रहे। हरियाणा में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुखविंदर सिंह मांढी ने सोहना विधानसभा से इस यात्रा की शुरूआत की और फरीदाबाद में भाजपा ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वो. हरा ने पृथला विधानसभा क्षेत्र के गॉंव जवां की चौपाल में "ग्राम परिक्रमा यात्रा" का शुभ. ारंभ किया । यह अभियान 12 फरवरी से 12 मार्च तक ग्रामीण क्षेत्र में चलाया जायेगा ।

पृथला के गॉंव जवां की चौपाल पर ग्रामीण क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा और किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बलदेव अलावलपुर, ज़िला उपाध्यक्ष सुखबीर मलेरना और किसान मोर्चे के प्रदेश आई टी प्रमुख पंकज सिंगला का स्वागत व अभिनंदन किया।

ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वो. हरा ने कहा कि मोदी मनोहर के नेतृत्व वाली भाजपा के देश प्रदेश की सरकारें अंत्योदय के सिद्धान्त और गरीब कल्याण को समर्पित है और योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग को सशक्त करने का कार्य कर रही हैं । मोदी सरकार के 10 वर्षों के किसान हितैषी और ग्रामीण विकास की योजनाओं जैसे कि प्रधानमंत्री आवास योजना दृ ग्रामीण, जल जीवन मिशन, ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, जन धन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सिंचाई योजना आदि के माध्यम से किसानों और ग्रामीण लोगों को सशक्त किया जा रहा है ।

इस अवसर पर किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बलदेव अलावलपुर ने कहा कि 2014 में मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद, किसानों को केंद्र में रखने वाली कई नीतियों और योजनाओं को लागू किया गया है । भाजपा के लिए सबसे वंचित और पिछड़े व्यक्ति तक पहुंचना सिर्फ एक चनुावी वादा नहीं, एक संकल्प है। किसान सम्मान निधि, पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी अनेक योजनाएं इस बात की साक्षी हैं कि मोदी सरकार अंत्योदय के सिद्धान्त को समर्पित है ।

भाजपा किसान मोर्चा के आईटी प्रमुख पंकज सिंगला ने बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष बलदेव अलावलपुर ने ग्राम परिक्रमा यात्रा का नेतृत्व किया। 12 फरवरी से आरंभ होकर 12 मार्च तक चलने वाले ग्राम परिक्रमा यात्रा अभियान के तहत प्रतिदिन 5 गॉंव में यह परिक्रमा की जाएगी।

# सुरजीत अधाना बने प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य



सिटी24न्यूज/ब्यूरो

फरीदाबाद। प्रदेश बीजेपी ओबीसी मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी में लहंडोला गांव निवासी जिला पार्षद प्रतिनिधि सुरजीत अधाना को सदस्य नियुक्त किया गया है।

सुरजीत अधाना ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष करण देव कंबोज व प्रदेश बीजेपी के उपाध्यक्ष विपुल गोयल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह जिम्मेदारी के अनुसार पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने का काम करेंगे।

# अटाली में प्राचीन शिव मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र बना



सिटी24न्यूज/ब्यूरो

फरीदाबाद। फरीदाबाद के अटाली गांव में प्राचीन शिव मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है। स्थ. ानीय निवासी ओमपाल,श्याम सिंह,बसंत सिंह,पृथी सैनी, गिर्राज सैनी, दलबीर, सचिन, सुरेश, भगत, आनंद,सौरव ने बताया कि मान्यता है कि प्राचीन समय में अटाली गांव के निवासी जिंदल परिवार ने एक मंदिर का निर्माण किया। मंदिर में शिवलिंग स्थापित करने के लिए अटाली से करीब 25 किलोमीटर दूर दनकौर से एक शिवलिंग को बैलगाड़ी में रखकर कच्चे रास्ते से गांव में लाया जा रहा था। कि अचानक अटाली गांव से करीब 3 किलो. `मीटर पहले बैलगाड़ी के पहिये मिट्टी में धंस गए। सहायता के लिए और बैल गाड़ियों को लगाया गया लेकिन बैलगाड़ी टस से मस नहीं हुई। इसके बाद गांव के लोगों ने यह निर्णय लिया कि भोले नाथ जी यहां विराजमान होना चाहते है। उन्हें यही स्थापित कर दिया गया। कुछ दिनों बाद मंदिर का निर्माण किया गया। जो आज एक विशाल मंदिर बन चुका है। मंदिर का निर्माण कार्य फिलहाल भी जारी है। मंदिर के पास से ही केजीपी एक्सप्रेस वे निकाला गया है। दूर दराज के शिव भक्त भी मंदिर के दर्शन करने के लिए आते है। वर्ष में दो बार आस पास के गांव के लोग हरिद्व ार,गोमुख से कावड़ लाकर शिवलिंग पर चढ़ाते है। स्थ. ानीय लोगों द्वारा विशाल मेला लगाया जाता है। विशाल भंड. ारे का भी आयोजन किया जाता है। अटाली–अरूआ गांव तक पक्की सडक़ का निर्माण होने के बाद मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है।

# मोदी जी युवाओं को समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाने को संकल्पित: योगेन्द्र शर्मा

## कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं की पार्टी ना होकर परिवार की पार्टी



सिटी24न्यूज/ब्यूरो

फरीदाबाद 12 फरवरी । आज फरीदाबाद में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा हरियाण ाा के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा (योगी) का आगमन हुआ। फरीदाबाद युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा का फरीदाबाद टोल टैक्स पर भव्य स्वागत किया।उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा जी का तिगांव विधानसभा में रोड शो का कार्यक्रम हुआ। उसके बाद सेक्टर 15 जिला कार्यालय अटल कमल पर नव मतदाताओं को प्रदेश अध्यक्ष ने संबोधित किया।

प्रदेश अध्यक्ष ने अपने संबोधन में नव मतदाताओं को संबोधित करते हुए 2014 से पहले के भारत और 2014 के बाद के भारत पर संवाद किया। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद युवाओं के स्वरोजगार और अनेक प्रकार की योजनाओं को बताते हुए किस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के लोगों को समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाने को संकल्पित हैं।

शर्मा जी ने युवाओं को संबोधित करते हुए विपक्ष पर कटाक्ष किया और कहा की कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं की पार्टी ना होकर बापू– बेटा की पार्टी है।राजनीति में भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसमे एक सामान्य कार्यकर्ता भी पार्टी के किसी भी अहम् पद पर सुशोभित हो सकता है। सभी युवाओं एवं नवमतदाताओं ने भारत माता का जय घोष करते हुए देश में तीसरी बार फिर से नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया। योगी ने हुड्डा परिवार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस प्रकार 2019 में बाप बेटे की साइकिल में पंचर करने का काम किया उसी प्रकार इन चुनावों में भी पुनः साइकिल पंचर होगी और दीपेंद्र हुड्डा को दीपंचर संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी एक भी सीट नही जीत पाएगी।

कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री जीतेन्द्र चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप यादव,अमित महेंद्र, प्रदेश सह ⁄ प्रमुख अक्षय तवर, जिला महामंत्री सचिन ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक कार्तिक वशिष्ठ, जिला उपाध्यक्ष मनीष यादव,जिला सचिव आदेश यादव, करण गोयल, ज्ञानेंद्र भारद्वाज, ज़ैनब नकवी और फरीदाबाद के युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस हर विकट परिस्थिति से निपटने के लिए सक्षम–एसएसपी अंशु सिंगला



ब्यूटी सिटी/रोबिन माथुर

हथीन। विभिन्न किसान संगठनों द्वारा 13 फरवरी को दिल्ली कूच का आह्वान किया गया है। जिसके मध्यनजर जिला पलवल पुलिस पूरी तरह से अलर्ट नजर आ रही है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अंशु सिंगला आईपीएस ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि जिला पलवल में कानून एंव व्यवस्था के साथ खिलवाड बिल्कुल बर्दाश्त नही किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति किसी के बहकावे या उकसावे में आकर कानून व्यवस्था को ना बिगाडे और पलवल में शांति व कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने में पलवल पुलिस का सहयोग करें।पलवल पुलिस किसी भी प्रकार की अप्रिय परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से सक्षम है।

# कांग्रेस सरकार बनने पर फरीदाबाद को फिर किया जाएगा विकसित: भूपेंद्र हुड्डा

## चाय के प्रोग्राम के माध्यम से यशपाल नागर ने ठोकी फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से दावेदारी



सिटी24न्यूज/ब्यूरो

फरीदाबाद। फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता यशपाल नागर के सेक्टर–14 स्थित निवास पर रविवार को हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान की चाय का प्रोग्राम राजनैतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है।


चाय का प्रोग्राम तो एक बहाना था, यशपाल नागर ने इस प्रोग्राम के माध्यम से जहां पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुडडा व प्रदेशाध्यक्ष उदयभान से अपने राजनैतिक संबंधों को सार्वजनिक किया वहीं इस प्रोग्राम के बाद लोकस. भा क्षेत्र से यशपाल नागर ने मजबूत दावेदारी पेश की है। उन्होंने मंच से श्री हुडडा को यह भी कह दिया कि आप आदेश करो, सेक्टर–12 में लाखो–लाखों की रैली करके दिखा देंगे।

इस प्रोग्राम के बाद नागर ने उन लोगों का भ्रम भी खत्म कर दिया जो कहते थे कि श्री हुड्डा व उदयभान से उनकी नजदीकियां नहीं है। फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता यशपाल नागर एवं युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता रोहित नागर द्वारा सेक्टर–14 स्थित अपने निवास पर आयोजित सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा ने दस वर्षों के कार्यकाल के दौरान हरियाणा को विकास की पटरी से उतार दिया है, जो फरीदाबाद कांग्रेस सरकार में कभी विश्व के मानचित्र पर अंकित हुआ करता था, आज वही फरीदाबाद बदह. ाली, बेरोजगारी का दंश झेलने को मजबूर हो रहा है।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर हरियाणा व फरीदाबाद को फिर से विकास की दौड़ में आगे रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठे प्रलोभन व वायदे करके सत्ता में तो आ गई, लेकिन जनता से किया एक भी वायदा पूरा नही किया, आज लोग भाजपा को सत्ता सौंप अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे है। इस अवसर पर यशपाल नागर व रोहित नागर सहित शहर के मौजिज लोगों ने उनका बड़ी माला पहनाकर एवं सम्मान रूपी पगड़ी बांधकर स्वागत किया। इस मौके पर चौ. भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि हमारी सरकार ने अपने कार्यकाल में फरीदाबाद को आगे ले जाने के लिये बहुत से कार्य किये। लेकिन मौजूदा सरकार के 9 वर्षों में फरीदाबाद को फकीराबाद कहा जाने लगा।

उन्होंने कांग्रेस सरकार बनने पर बुजुर्गों की पेंशन 6000 महीना करने और जिनकी पेंशन काटी गयी है उसे दोबारा शुरु करने का वादा किया। हुड्डा ने कहा कांग्रेस सरकार 500 रुपये में गैस सिलेंडर, कर्मचारियों के लिये पुरानी पेंशन स्कीम लागू करेगी।

हर परिवार को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देंगे। गरीब परिवारों के लिए 100–100 गज के मुफ्त प्लॉट, मकान बनवाएंगे, बच्चों के लिए स्कॉलरशिप योजना फिर लागू करेंगे और खाली पड़े 2 लाख पदों पर पक्की भर्ती शुरु करेंगे। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान ने कहा कि ने बीजेपी सरकार के झूठे वायदों को गिनाते हुए जनता से पूछा कि इन्होंने एक भी वायदा पूरा किया हो तो जनता बताए।



# राव इंद्रजीत सिंह ने लिया एम्स के शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा

## मेडिकल हब बनने जा रहा रेवाड़ी जिला: राव इंद्रजीत सिंह

सिटी24न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि आने वाले समय में रेवाड़ी जिला मेडिकल हब बनने जा रहा है। यहां पर विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। श्री सिंह आज रेवाड़ी जिले के गांव माजरा भालखी में बनने वाले ऑल इंडिया इंस्टी. ट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) के शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 फरवरी को इस ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) का शिलान्यास करेंगे।



,El dk tk; tk yr jko bæthr (lg

इस मौके पर उन्होंने साइट का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि रेवाड़ी, बावल व नारनौल–महेंद्रगढ़ की तरफ से आने वाले वाहनों के लिए अलग–अलग स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। शिलान्यास कार्यक्रम में आने वाले नागरिकों की सुविधा के लिए बेहतरीन इंतजाम किए जाएंगे।

केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि माजरा भालखी में बनने वाले एम्स से रेवाड़ी के आसपास के जिलों सहित राजस्थान के जिलों को भी इसका फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार मेडिकल सुविधाओं में लगातार बढ़ोतरी कर रही है। यहां पर स्वास्थ्य सुविधाओं की बढ़ोतरी के साथ मेडिकल एजुकेशन, नर्सिंग और स्वास्थ्य संबंधित रिसर्च अनुसंधान को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा प्राइवेट वॉर्ड, ट्रामा बेड व आयुष बेड की सुविधाएं भी कैंपस में मिलेंगी। कैंपस में नाइट शेल्टर, गेस्ट हाउस ऑडिटोरियम, हॉस्टल व रेजिडेंशल सुविधाएं भी बनाई जाएंगी। श्री सिंह ने कहा कि इतनी बड़ी संस्था आने से यहां के युवाओं के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

इस अवसर पर एडीसी अनुपमा अंजली, एसडीएम रेवाड़ी रविंद्र कुमार, एसडीएम बावल मनोज कुमार, एसडीएम कोसली जयप्रकाश, डीएमसी उदय सिंह सहित विभिन्न विभ. ागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# जनता के संघर्ष का नतीजा, 16 को पीएम एम्स का करेंगे शिलान्यास: समिति



सिटी24न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। एम्स संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन धरना आज लगातार 134वें दिन भी माजरा एम्स के शिलान्यास करके निमार्ण कार्य शुरू करवाने और एमबीबीएस क्लास लगाने और ओपीडी शुरू करवाने की मांग को लेकर पुरानी उप तहसील मनेठी में श्योताज सिंह पूर्व सरपंच मनेठी की अध्यक्षता में जारी रहा। सभी वक्ताओं ने कहा कि जनता के लम्बे संघर्ष की बदौलत प्रधानमन्त्री जी द्वारा घोषित एम्स का शिलान्यास आखिरकार जनता के आंदोलन के दवाब में 16 फरवरी को करने के लिए आ रहे हैं जो इस क्षेत्र की जनता के आंदोलन की जीत है। सभी वक्ताओं ने मिडिया के माध्यम से प्रधानमन्त्री जी से अनुरोध किया है कि प्रधानमंत्री जी माजरा एम्स के शिलान्यास के साथ ही माजरा एम्स के नाम से एमबीबीएस क्लास लगाने और ओपीडी शुरू करवाने की तारीख़ की घोषणा मंच से ही करें ताकि इस छेत्र की जनता जो पिछले कई सालों से इंतजार कर रही हैं उसको पूरा किया जा सके। यह भी निर्णय लिया गया कि दिनांक 14 फरवरी 2024 को धरना स्थल पर जन आभार सभा की जाएगी जिसमे आंदोलन में साथ देने के लिए जनता का आभार प्रकट किया जायेगा और एमबीबीएस क्लास लगाने और ओपीडी शुरू करवाने बारे समीक्षा की जाएगी।वक्ताओं में मुख्य रूप से जितेन्द्र कुमार शर्मा सेवानिवृत हेडमास्टर, रामकुमार निमोठ, मास्टर दयाराम गोठड़ा, धरमबीर सिंह बालदोधिया, रिटायर्ड जिला शिक्षा अधिकारी, सूबेदार दिलबाग सिंह पाड़ला, अमर सिंह राजपुरा, रामस्वरूप अहरोधिया, पण्डित रामनिवास शर्मा भालखी, मास्टर लक्ष्मण सिंह, डॉक्टर एच डी यादव, रविंदर हाथी सरपंच , भरत मास्टर ओमप्रकाश सैन, सतप्रकाश गोयल कुंड, बी डी यादव, राजबीर नंबरदार नांगल, मास्टर दयानन्द, डॉक्टर नरेन्द्र माजरा आदी रहे। धरने में मंच संचालन कैलाश यादव मनेठी ने किया। आज धरने में मुख्य रूप से जयदयाल, प्रताप सिंह बसदुदा, महेश कुमार शर्मा नन्दा, रामेश्वर पाली, देवदत्त ढाणी शोभा, भजनलाल, सहित अनेकों महिलाओं एवं युवाओं और पुरुषों ने भाग लिया।

## एडवोकेट अनुप धनखड़ बने अधिवक्ता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक

सिटी24न्यूज/निकिता माधोगड़िया



रेवाड़ी। जिला बार में कार्यरत्त अधिवक्ता अनुप धनखड़ को भाजपा जिला अधिवक्ता प्रकोष्ठ का रेवाड़ी का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर, राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, केन्द्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, मंत्री डा0 बनवारीलाल, युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश प्रभारी वरूण श्योराण, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक गोपाल शर्मा, विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह चौहान सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उन्होने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, मैं उसे पूरी ईमानदारी से निभाउंगा। उनकी इस नियुक्ति पर बावल बार में मिठाई भी बांटी गई तथा बावल बार के प्रधान एडवोकेट प्रवीण नैचाना सहित अनेक अधिवक्ताओं ने उन्हें बधाई भी दी।

# 14 साल से रेवाड़ी की जनता मेट्रो का कर रही है इंतजार

सिटी24न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। रविवार को रेवाड़ी के 100 से ज्यादा संगठनों एवं जागरूक नागरिकों ने धारूहेड़ा– रेवाड़ी– बावल मैट्रो परियोजना को इधर से उधर नहीं होने का संकल्प लिया।




हरियाणा सरकार रेवाड़ी की भावनाओं का पूरा सम्मान करेगी। यह मजबूत भरो. ेसा देकर कोसली विधायक लक्ष्मण यादव, हरियाणा टूरिज्म चेयरमैन अरविंद यादव व पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास ने इसे सही समय पर सही कदम बताया। हरियाणा कैबिनेट मंत्री डॉ. बनवारीलाल कार्यक्रम में ज्यादा व्यस्त होने की वजह से नहीं पहुंच पाए लेकिन विश्वास दिलाया कि यह जनमत की आवाज है। सरकार भी इसका पूरा मान रखेगी। मैट्रो बावल तक आए। इसकी पुरजोर वकालत में कमी नहीं छोड़ेगे। हमारी सरकार सकारात्मक मसलों का हमेशा से ही सम्मान करती रही है। इस अवसर पर सर्वसम्मति से एक कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया। यह कमेटी जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में मुख्यमंत्री मनोहरलाल से मुला. कात कर मैट्रो को धारूहेड़ा की बजाय रेवाड़ी– बावल तक पहले फेज में पूरा करने की योजना को पूरा करवाने की मांग को रखेगी। शहर का आदिती पैलेस रविवार को इस बात का गवाह बन गया कि जब भी इस क्षेत्र के साथ भेद. भाव व अनदेखी होगी। रेवाड़ी एक आवाज पर अपनी बात कहने के लिए एकजुट नजर आएगा। हरियाणा टूरिज्म चेयरमैन अरविंद यादव पूरे तेवर में नजर आए। उन्हो. ंने जोश भरते हुए कहा कि यह हमारे इलाके की बेहद जायज ओर तर्कसंगत मांग है। ऐसे में जब सारी प्रक्रिया बावल तक पूरी कर ली गई है। ऐसे में पहले फेज में मैट्रो को धारूहेड़ा तक रोक देना किसी सूरत में तर्कसंगत सही नही है। हम मुख्यमंत्री से संज्ञान में लाएंगे। हमारी सरकार हमेशा से ही जनभावनाओं का सम्मान करती रही है। उन्होंने डंके की चोट पर कहा कि सरकार इस सही मांग को हर हालत में पूरा करेगी। मुख्यमंत्री मनोहरलाल संपूर्ण विकास में विश्वास करते हैं। पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास ने कहा कि जब जब हमारा इलाका अपने हक की आवाज में खड़ा हुआ है उसे सफलता मिली है। हम सभी जनप्रतिनिधि मुख्यमंत्री जी से मिलकर इस प्रोजेक्ट को बावल तक पूरा करने की मांग को स्वीकृत कराएंगे। कोसली विधायक लक्ष्मण यादव ने कहा कि वे सदन में उठी इस आवाज के साथ है। यह सही समय पर सही आवाज है। बावल तक मैट्रो आते ही रेवाड़ी की तस्वीर खुबसूरत हो जाएगी। यहां की जिंदगी में बेहतर बदलाव आएगा। भाजपा सरकार इसी इरादों के साथ आगे बढ रही है। हम इस मांग को अमल में लाने पर सरकार के समक्ष मिलकर पैरवी करेंगे। अनेक सामाजिक संगठनों से जुड़े सामाजिक शख्सियत एवं भाजपा नेता नवीन अरोड़ा ने कहा कि जब भी कोई सामाजिक मुद्दे उठे हैं सभी संगठन एक मंच पर नजर आए हैं। एम्स का संघर्ष इस बात का प्रमाण है। यह जज्बा रेवाड़ी को अलग प्रस्तुत करता है जिस पर हमें गर्व है। मैट्रो हमारे इलाके लिए लाइफ लाइन है इसलिए इस मुददे पर हम सभी की एक आवाज है। आयोजन की अध्यक्षता सामाजिक हस्ती अजय मित्तल ने की।

## यूरो स्कूल, रेवाडी के छात्रों ने एक बार फिर से मिलिट्री स्कूल की परीक्षा में लहराया परचम




सिटी24न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल की परीक्षा में यूरो स्कूल, रेवाड़ी के पाँच विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। कृतिका शर्मा पुत्री रेणु शर्मा एवं डॉ. ईश्वर शर्मा, समीर पुत्र छोटी कुमारी एवं राजेश, तनवी पुत्री अन्नू लांबा एवं अजित सिंह, ओजस्वी यादव पुत्री गीता यादव एवं राजेंद्र सिंह और सानवी सिंह पुत्री भावना एवं हेमराज ने परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि देशभर में केवल पाँच राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल है, जिनकी 70 प्रतिशत सीट डिफेंस स्टाफ के जे. सी. ओ. एवं अदर रैंक के सर्विस पर्सन के बच्चों के लिए आरक्षित है बाकि 30 प्रतिशत सीट सेना के उच्च अधिकारियों एवं सिविलियन के बच्चों के लिए है। 50 सीट शहीदों के बच्चों के लिए आरक्षित है।

इस तरह से यूरो स्कूल के पाँच बच्चों द्वारा मिलिट्री स्कूल की परीक्षा पास करना बहुत बड़ी उपलब्धि बन जाती है। यूरो विद्यालय मिलिट्री एवं सैनिक स्कूल की तैयारी के लिए एक बड़ा प्लेटफॉर्म साबित हुआ है। स्कूल के चेयरमैन सत्यवीर यादव ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अध्यापकों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि इस परीक्षा की सफलता उनके शानदार भविष्य की शुरुआत है। डायरेक्टर नितिन यादव ने बताया कि यूरो के विद्यार्थी सैनिक व मिलिट्री स्कूल की प्रवेश परीक्षा में हर वर्ष राष्ट्रीय स्तर की रैंक हासिल करते है। सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के परिणाम की बात करे तो अब तक यूरो ने ऑल इंडिया रैंक –1, ऑल इंडिया रैंक –3, ऑल इंडिया रैंक – 5, ऑल इंडिया रैंक –9 ए आई आर 28, ए आई आर 50 आदि रहा है। भविष्य में और भी गौरवशाली परिणाम के लिए कार्यरत रहेगा।

## स्कूली बच्चों ने किया योगाभ्यास, प्रत्येक दिन करने का लिया संकल्प



सिटी24न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के तहत रेवाड़ी के गावों और स्कूलों में आयुष विभाग द्वारा योगाभ्यास के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ–साथ योग से होने वाले फायदे भी बताएं जा रहे हैं। रेवाड़ी के गांव ढालियावास स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में आज हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के तहत योग अभ्यास कराया गया। जानक. ारी देते हुए संगीता व कमलेश योग सहायिका ने बताया कि हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान का शुभारंभ 1 फरवरी को किया था जो 20 फरवरी तक जारी रहेगा। इस अभियान के तहत आज ढालियावास के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में छात्र–छात्राओं को योग संबंधित जानकारियां देते हुए उन्हें योगाभ्यास कराया गया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में योग को अपनाना चाहिए। निरोग रहने के लिए योग जरूरी है इसलिए हर मनुष्य को अपने जीवन में योग को प्रत्येक दिन करना चाहिए। स्कूली बच्चों ने योगाभ्यास कर प्रत्येक दिन अपने जीवन में योग करने का संकल्प भी लिया।

इस अवसर पर राजकीय माध्यमिक विद्यालय ढालियावास प्रिंसिपल राजकुमार, अध्यापक रणवीर शर्मा, पीतांबर व पवन सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे।

## मंदिर में चोरी करने के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

सिटी24न्यूज/निकिता माधोगड़िया



रेवाड़ी। थाना कसौला पुलिस ने मंदिर में चोरी करने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांचकर्ता ने बताया गांव मुरादपुरी निवासी लाल सिंह ने अपनी शिकायत में बताया की 09 फरवरी 2024 की रात्री को वह अपने खेतो में पानी देने के लिए जा रहा था जब वह अपने गांव के बालाजी मंदिर के पास पहुंचा तो एक व्यक्ति गांव के मंदिर में रखे सरिये व सैटरिंग जैक के पाईप को उठाकर पिकअप गाड़ी मे डाल रहा था। जब उसने मंदिर के सामान बारे उससे पूछा तो वह व्यक्ति पिकअप गाडी को लेकर भाग गया। वह व्यक्ति गांव के मंदिर से काफी मात्रा में लोहे का सरिया, सैटरिंग जैक व लोहे की एंगल को चोरी करके ले गया है। जिस पर पुलिस ने थाना कसौला में चोरी का मामला दर्ज करके मामले में एक आरोपी गांव नैनसुखपुरा निवासी देवेन्द्र कुमार को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

## अग्रवाल वैश्य समाज युवा इकाई ने नये जिला अध्यक्ष रोहन मंगला का किया स्वागत



सिटी24न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। रविवार को अग्रवाल वैश्य समाज युवा इकाई की बैठक प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट नितेश अग्रवाल की अध्यक्षता में कोर्ट परिसर में संपन्न हुई। बैठक में रेवाड़ी युवा इकाई के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष एडवोकेट रोहन मंगला का भी स्वागत किया गया। एडवोकेट रोहन मंगला ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है वे उस पर खरा उतरेंगे। जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर रोहन मंगला ने समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला, युवा इकाई के प्रभारी नवदीप बंसल, प्रदेश अध्यक्ष रवि गर्ग बधवानिया, कार्यकारी अध्यक्ष दीपांशु बंसल, प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट नितेश अग्रवाल का भी आभार व्यक्त किया। एडवोकेट नितेश अग्रवाल बैठक में सभी पदाधिकारियों को आगामी चुनाव में बढ–चढ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा कि यह चुनावी वर्ष है जिसमें लोकसभा और विध. ानसभा के चुनाव होने है।

## सिलाई सेंटर के लिए धर्मशाला में स्थान उपलब्ध नहीं कराने पर जताया रोष

सिटी24न्यूज/निकिता माधोगड़िया



रेवाड़ी। गुरु महाराजा दक्ष प्रजापति चैरिटेबल ट्रस्ट कुतुबपुर की बैठक प्रधान जोनी प्रजापति की अध्यक्षता में हुई। जिसमे समाज की धर्मशाला में फ्री सिलाई प्रशिक्षण सेंटर के लिए स्थान उपलब्ध नही कराने पर जमकर रोष व्यक्त किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के कुतुबपुर प्रधान जोनी प्रजापति ने कहा कि गत दिनों हुई ट्रस्ट की बैठक में उन्हें ट्रस्ट का कुतुबपुर क्षेत्र का प्रधान नियुक्त किया गया था। उस बैठक में कुतुबपुर में समाज की जरूरतमंद महिलाओं व युवतियों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सिलाई सेंटर खोलने की बात उनके द्वारा रखी गई थी। जिसे ट्रस्ट ने सहर्ष स्वीकार कर खोलने की अनुमति प्रदान की गई थी। जोनी प्रजापति ने बताया कि उन्हो. ंने सिलाई सेंटर खोलने तथा अधिक से अधिक युवतियों व महिलाओं को इससे लाभान्वित कराने के लिए आगामी 18 फरवरी का दिन निर्धारित किया गया था, लेकिन जब उन्होंने प्रजापति धर्मशाला का प्रबंधन देख रहे समाज के लोगों से बात की गई तो उन्हो. ंने धर्मशाला में स्थान उपलब्ध कराने के लिए साफ इंकार कर दिया। जोनी ने बताया कि उनका कहना था कि धर्मशाला के लिए गठित कमेटी ही इसमें होने वाले क्रियाकलापों का निर्णय लेती है।

जोनी प्रजापति ने कहा कि वे समाज के लिए कुछ अच्छा कार्य करना चाहते हैं, लेकिन वर्तमान प्रबंधन इसे निजी तौर पर देखते हुए इर्ष्यावश उन्हें अनुमति नहीं दे रहे हैं। जबकि यह सेंटर वह अपने स्वार्थ के लिए नहीं अपितु समाज की बहन–बेटियों को स्वावलंबी बनाने के लिए करना चाह रहे हैं। ये तो समाज हित की बात है। इस बात के लिए उन्हें आपत्ति नहीं होनी चाहिए। उन्हें यह डर सताने लगा है कि अगर समाज के लोग ट्रस्ट के साथ जुड़ेंगे तो उनकी कुर्सी खतरे में पड़ जाएगी। हमारा ट्रस्ट समाज के लिए कुछ करना चाहता है, लेकिन कर नहीं पा रहा है। जिसके चलते समाज के जागरुक युवाओं में काफी रोष है।

## आयुष विभाग रेवाड़ ने मनाया सातवां राष्ट्रीय यूनानी दिवस



सिटी24न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। रविवार को जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ दिनेश कुमार की अध्यक्षता में आयुष विभाग रेवाड़ी द्वारा गुरु रविदास मंदिर प्रांगण में सातवां राष्ट्रीय यूनानी दिवस के अवसर पर एक यूनानी एवं अन्य आयुष पद्धतियों का निशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया। इस अवसर पर आयुष विभाग नूह (मेवात) से यूनानी चिकित्सा अधिकारी डॉ मुहम्मद उमर ने कार्यक्रम में शिरकत की एवं यूनानी पद्धति के बारे में उपस्थित लोगों को बताया। डॉ मुहम्मद उमर ने यूनानी पद्ध ति से मरीजों की जांच करके उन्हें दवा भी दी। कार्यक्रम शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रख्यात समाज सेवी एवम रविदास मंदिर कमेटी के अध्यक्ष श्री हंसराज चौधरी ने अपने कर कमलों से रिबन काटकर करी। आयुष विभाग की तरफ से डॉक्टर दिनेश कुमार ने मुख्य अतिथि हंसराज चौधरी को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का शुभारंभ यूनानी पद्धति के जनक हकीम अजमल खान के चित्र पर माल्यार्पण करके करा गया, तत्पश्चात भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण करके उनकी पूजा उपासना की गई। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप यादव ने उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत विभिन्न आयुष पद्धतियों के सेवाओं के विस्तारीकरण के बारे में हो रहे सरकारी प्रयासों के बारे में बताया और जिले में जनमानस की सेवारत आयुष विभाग के प्रत्येक प्रतिष्ठान के बारे में जानकारी दी।

# किसान आंदोलनः अंबाला पुलिस ने गाइडलाइन की जारी, पंजाब जाने वालों का बदला रूट

## किसान आंदोलन के चलते नारनौल रोडवेज को भी भेजी गई है गाइडलाइन

सिटी24न्यूज/अशोक कौशिक

नारनौल। किसानों ने केंद्र सरकार के तीनों कृषि कानूनों के खिलाफ एक साल से ज्यादा समय पहले आंदोलन किया था। इस दौरान उनकी मांग थी कि तीनों कृषि कानूनों को वापस लिया जाए और फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर कानून बनाया जाए और आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज मामलों को वापस लिया जाए। हालांकि केंद्र सरकार ने तीनों कृषि कानूनों को तो दस समय ही वापस ले लिया था और उनकी मांगों के



संबंध मे विचार विमर्श करने के लिए एक समिति का गठन किया था। फिलहाल एमएसपी का मामला लंबित है।

एमएसपी व अन्य मांगों को लेकर किसान संगठन दिल्ली कूच का ऐलान कर चुके हैं। किसानों के आंदोलन के मद्देनजर हरियाणा सरकार के अंबाला पुलिस ने प्रदेश के समस्त रोडवेज विभाग के अधिकारियों को एक पत्र जारी कर पंजाब की ओर जाने वाले रूट को बदलने का नक्शा जारी किया है। साथ ही आदेश की पालना करने की हिदायत दी है, ताकि कोई अप्रिय घटना न घटने पाए।

किसानों को किसी भी सूरत में दिल्ली न पहुंचने को लेकर प्रदेश का पूरा पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। पंजाब से आने वाले किसानों सहित प्रदेश के किसानों को राजधानी पहुंचने से रोकने के लिए सरकार की ओर से जगह जगह बेरीकेट लगाए गए है व सडकों को ब्लाक किया जा चुका है। पुलिस प्रशासन हर स्थिति में किसानों को काबू करने के लिए मुस्तैद दिखाई दे रही है।

रोडवेज के अधिकारी ने बताया कि नारनौल से दोपहर 3:50 बजे अमृतसर के लिए एक बस का संचालन किया जाता है।

जो दिल्ली, पानीपत, करनाल, अंबाला, लुधियाना, जालंधर होते हुए अमृतसर पहुंचती है और शाम को सात बजे अमृतसर से जालंधर, लुधियाना, अंबाला, करनाल, पानीपत व दिल्ली होते हुए वापस नारनौल आती है। अब किसान आंदोलन के चलते इस बस का रूट बदल दिया गया है।

## 20 फरवरी को रोहतक मिनी सचिवालय में 5 रिटायर्ड कर्मचारी क्रमिक अनशन पर बैठेंगे

सिटी24न्यूज/अशोक कौशिक



नारनौल । रिटायर्ड कर्मचारी संगठन की जिला कमेटी की एक विशेष बैठक प्रदेश संगठन सचिव महेन्द्र सिंह यादव की अध्यक्षता में स्थानीय यादव धर्मशाला के प्रांगण में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल यादव ने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारियों का आंदोलन 12 फरवरी से रोहतक मिनी सचिवालय पर क्रमिक अनशन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक करने का ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने फैसला किया है। जिसमें प्रत्येक एक दिन एक जिला से 5 रिटायर्ड कर्मचारी क्रमिक अनशन पर बैठेंगे और बाकी साथी समर्थन में बैठेंगे। महेंद्रगढ़ जिला का नम्बर 20 फरवरी को है। उस दिन सैकड़ों की संख्या में रिटायर्ड कर्मचारी रोहतक कूच करेंगे। जिसमें सभी विभाग रोडवेज, पब्लिक हेल्थ, बिजली बोर्ड, स्वास्थ्य, शिक्षा और पुलिस इत्यादि विभागों के कर्मचारी भाग लेंगे। लगातार 2 वर्ष से रिटायर्ड कर्मचारी जिला स्तर पर एवं कमिश्नर स्तर पर भारी संख्या में इकट्ठे होकर सरकार को ज्ञापन दें चुके है। लेकिन अभी तक सरकार ने बात करना भी उचित नही समझा प्रदेश में लगभग सवा तीन लाख कर्मचारी है। जिसका 5 सूत्रीय मांग पत्र कैशलेस मेडिकल लागू करना, 65–70–75 वर्ष के उपरान्त 5–10–15 प्रतिशत को बेसिक वेतन में बढ़ोतरी करना, कम्युनिटी की रिकवरी 15 वर्ष की बजाय 12 वर्ष करना, मेडिकल भत्ता 1000 से बढ़ाकर 3000 करना, फैमिली पेंशनरों को एलटीसी की सुविधा देना इत्यादि मागें है। जिसके लिए रिटायर्ड कर्मचारी लंबे समय से संघर्ष कर रहे है। मजबूर होकर रिटायर्ड कर्मचारी क्रमिक अनशन करने जा रहे है। फिर भी सरकार ने हमारी मांगे नही मानी तो लगभग सवा तीन लाख रिटायर्ड कर्मचारी वोट की चोट से सरकार को करारा जवाब देगें। मीटिंग में उपस्थित कनीना से प्रधान सूरजभान, अटेली से मुनेश कुमार, नारनौल से वीरभान, सत्यवीर, महेंद्रगढ़ से लालाराम, बीर सिंह, गुगनराम, मानसिंह, दयाराम, लक्ष्मण यादव, पब्लिक हेल्थ नारनौल से यूनियन रजि. 681 से राज्य उप प्रधान नितानन्द इत्यादि उपस्थित रहे।

## एडीसी ने ली अधिकारियों की बैठक

सिटी24न्यूज/अशोक कौशिक

नारनौल। अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी ने आज अपने कार्यालय में कर्मचारियों व अधिकारियों की बैठक ली तथा आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए।

गौरतलब है कि एडीसी ने 8 फरवरी को अतिरिक्त उपायुक्त पद पर दोपहर बाद ज्वाईन कर लिया था। इससे पूर्व श्री दीपक बाबूलाल कारवा उपमण्डल अधिकारी(ना0) के पद पर भिवानी में तैनात थे। उन्होंने अपने स्टाफ को निर्देश दिए कि कार्यालय में आने वाले आमजन की सुनवाई प्राथमिकता से होनी चाहिए, उनका सही मार्गदर्शन करें ताकि उन्हें अनावश्यक रूप में भटकना न पड़े। परिवार पहचान पत्र जो कि हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ, जिसका वह परिवार हकदार है, उसे अपने घर बैठे मिलना चाहिए। साथ ही अपने कार्यालय कार्य को निष्ठा व मन लगाकर करें।

इससे पूर्व वैशाली सिंह इस पद पर तैनात थी जिनका स्थानान्तरण अतिरिक्त उपायुक्त के पद पर रोहतक हो गया है।

## हरियाणा मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन नए पे स्केल के विरोध में प्रतियां जलाई

सिटी24न्यूज/अशोक कौशिक



नारनौल। हरियाणा मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर सोमवार को लघु सचिवालय नारनौल में वित्त विभाग द्वारा जारी नए पे स्केल 21700 के विरोध में प्रतियां जलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश यादव प्रधान व ओमप्रकाश यादव संगठन सचिव ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम में सर्व कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव महेंद्र बोयत,हेमसा के प्रदेश प्रेस प्रवक्ता सुजान मालड़ा,सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव राहुल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। हेमसा के प्रदेश प्रेस सचिव सुजान मालड़ा ने कहा कि वित्त विभाग हरियाणा द्वारा हरियाणा मिनिस्ट्रीयल स्टाफ का जो नया पे स्केल का नोटिफिकेशन जारी किया है। उस हिसाब हरियाणा प्रदेश के किसी भी लिपिक को फायदा नही होने वाला। सरकार ने हर कदम पर कर्मचारियों को भ्रमित कर समय बिताने का काम किया है।

कर्मचारी लिपिकों के वेतन विसंगतियों को लेकर गत 12 वर्षों से संघर्षरत है। सरकार ने दो बार 2015 व 2023 में कमेटियां गठित की। जी माधवन आयोग की रिपोर्ट व 25 अगस्त 2014 के कैबिनेट बैठक का फैसला भी लागू नही किया।

प्रधान दिनेश यादव ने कहा कि लंबे आंदोलन के बाद भी सरकार से जो धोखा मिला है। कर्मचारी पूरे जोश के साथ एक बार फिर सांझे आन्दोलन की रूपरेखा तैयार करेंगे। सर्व कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव महेंद्र बोयत ने की सरकार की वायदा खिलाफी की निंदा की है। उन्होंने कहा कि सरकार लिपिकों को अकेला समझने की भूल ना करें। जब तक कर्मचारियों को उनका हक नही मिल जाता तब तक संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर संदीप यादव,श्याम मनोहर, देवेंद्र, विक्रम, लोकेश, अशोक, नरेश, मुकेश आदि अनेक कर्मचारियों ने रोष व्यक्त किया।

## जिला स्तरीय स्टार्टअप प्रदर्शनी प्रतियोगिता आयोजित

सिटी24न्यूज/अशोक कौशिक



नारनौल। पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल में प्रदेश एनएसएस अधिकारी दिनेश कुमार के दिशा निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय स्टार्टअप प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन जिला एन.एस.एस. समन्वयक चरण सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार रहे व अध्यक्षता प्राचार्या शीला ने की। जिसमें विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी धर्म सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने भविष्य में रोजगार व उद्यम के लिए स्टार्टअप प्रदर्शनी में अपने नवाचार प्रस्तुत किए।

इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में उद्यमशीलता के गुण विकसित करके स्वरोजगार उत्पन्न करना है। इसमें विभिन्न विषयों पर स्वयंसेवकों ने अपने नवाचार प्रस्तुत किए। इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी विद्यालय जैलाफ,टैगोर स्कूल महेंद्रगढ़, बी.के.एन. नारनौल, राज्य स्तर पर हिसार में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। निर्णायक की भूमिका प्राचार्य कैलाश यादव, समन्वयक चरण सिंह, कार्यक्रम अधिकारी धर्म सिंह व राजेश सैनी, कमलेश ने निभाई। इस प्रतियोगिता का आयोजन पूरे हरियाणा में उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर कप्तान सिंह, विजय सिंह, पप्पू अहलावत, पवन कुमार, मनोज कुमार, महेंद्र सिंह व विनोद आदि पी.ओ.व अन्य प्राध्यापक उपस्थित थे।

## मनोज कुमार ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी का संभाला पदभार


सिटी24न्यूज/अशोक कौशिक

नारनौल। एचसीएल मनोज कुमार ने आज जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का पदभार संभाला लिया। इससे पूर्व मनोज कुमार तोशाम में उपमण्डल अधिकारी (ना0) के पद पर तैनात थे। जिला परिषद के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मनोज कुमार इससे पूर्व भी दो बार नारनौल में इसी पद पर कार्य कर चुके हैं। उन्होंने सभी स्टाफ को कहा कि हम सभी एक टीम के रूप में जिला के ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी विभिन्न योजनाओं के तहत विकास कार्यों को और अधिक गति प्रदान करने का प्रयास करेंगे। हमारा प्रयास रहेगा कि सरकारी विकास योजनाओं का लाभ समाज के अन्तिम व्यक्ति को दिला सके विकास कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

## बसंत पंचमी पर बटेगा श्याम बाबा का प्रशाद, 84 धाम पर होगा विशेष श्रृंगार

सिटी24न्यूज/अशोक कौशिक

नारनौल। 14 फरवरी को नारनौल के पास लगते गांव जोरासी धाम स्थित श्याम मंदिर के पुजारी मालकांत ने बताया कि इस दिन श्याम बाबा का विशेष श्रृंगार होगा और श्याम बाबा के शीश को पंचामृत से स्नान भी कराया जाएगा। बसंत पंचमी के दिन ही श्याम बाबा को केसरिया रंग वस्त्र भी बदले जाते है, वही बाबा के उतारे गए पित्त वस्त्र (बागा) को प्रसाद के रूप में श्याम प्रेमियों को बांटा जाएगा। ऐसी मानता है की इस वस्त्र को धारण करने से सभी कष्ट दूर होने के साथ व्यापार व हर कार्य में बरकत होती है। यह अंग वस्त्र श्याम प्रेमियों के लिए सुरक्षा कवच का काम करता है। जोरासी धाम के पुजारी कमल कांत ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 फरवरी को बसंत पंचमी का पर्व बनाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। नारनौल के पास स्थित इस मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है। वही मंदिर का जीर्णोद्धार का कार्य भी उसे स्तर पर चल रहा है।



## जल कर्मियों की मांग जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के तहत ही रखा जाए

सिटी24न्यूज/अशोक कौशिक

नारनौल। ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर यूनियन संबंधित एआईयूटीयूसी के जिला प्रधान महेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने आज अटेली ब्लाक के जल कर्मियों से सम्पर्क किया तथा जल कर्मियों की समस्याओं से रूबरू हुए। सम्पर्क अभियान के दौरान जल कर्मियों ने बताया कि हमें जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के तहत ही रखा जाए, क्योंकि पंचायतों के अधीन जल कर्मियों को भारी दबाव व तनाव में काम करना पड़ता है। जल कर्मियों का वर्ष 2020 से बकाया एरियर दिया जाए तथा वेतन हर माह समय पर दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। जल कर्मियों ने बताया कि ना ही हमें न्यूनतम वेतन मिलता है और ना ही सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया गया है।

जिला प्रधान ने दिनांक 16 फरवरी को औद्योगिक हड़ताल व ग्रामीण बंद में बढ़–चढ़कर भाग लेने की अपील की। उल्लेखनीय है कि केंद्र व राज्य सरकारों की मजदूर–कर्मियों विरोधी नीतियों के खिलाफ केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी फेडरेशनों के आह्वान पर 16 फरवरी को देशव्यापी औद्योगिक हड़ताल व ग्रामीण बंद का आह्वान किया है, जिसमें जल कर्मी भी बढ़ चढ़ कर भाग लेंगे। सम्पर्क अभियान में अमीलाल, विक्रम, सोमदत्त, अजय, कपिल, संदीप, कबूल, शिवकुमार, दयाचंद, प्रताप, सुरेंद्र सहित अनेक जल कर्मियों ने भाग लिया।

# भाजपा ने ब्राह्मण को दरकिनार कर खेला जाट कार्ड

## सुभाष बराला हरियाणा में भाजपा के राज्यसभा उम्मीदवार बनाए गए







सिटी24न्यूज/ अशोक कुमार कौशिक

हरियाणा की राज्यसभा सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी ने नए फेस का ऐलान कर दिया है। इस बार हरियाणा से सुभाष बराला भाजपा के उम्मीदवार होंगे। हाल ही में दिल्ली में दो दिन के प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से बैठक के बाद अनापत्ति प्रमाण पत्र मिल गया।

इस सीट को लेकर हरियाणा में तीन बड़े चेहरों की चर्चा चली थी। सबसे पहला पहला नाम शुरुआत बराला और दूसरा राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी देख रहे ओमप्रकाश धनखड़ का नाम था। तीसरा नाम भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे पंडित रामबिलास शर्मा का भी था। इसके अलावा स्वयं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का भी नाम जोरों पर लिया जा रहा था।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल अपने नजदीकी सुभाष बराला की परैवी भी कर रहे थे। जबकि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष ओपी धनखड़ को राज्यसभा भेजने के पक्ष में थे।

भाजपा के लोगों का मानना था कि ब्राह्मण डीपी वत्स की जगह पंडित रामबिलास शर्मा को भेजा जा सकता है।

यह भी कहा जा रहा था इन सब बातों को लेकर भाजपा किसी एक नाम के साथ चौंकाने वाला फैसला ले सकती है।


2019 में हुए विधानसभा चुनाव हारने के बाद भी सीएम मनोहर लाल ने सुभाष बराला को हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो का अध्यक्ष बना दिया था। इससे पहले बराला हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। क्योंकि बराला मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के काफी नजदीकी है इसलिए इस बार मुख्यमंत्री ने खुद ही उसके नाम को लेकर लाबिंग की। इस कारण उन्होंने प्रधानमंत्री से लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और जेपी नड्डा से खुद चर्चा की।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दिल्ली प्रवास के बाद सुभाष बराला को राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने के संकेत दे दिए थे।

जेपी नड्डा के हरियाणा से राज्यसभा जाने की अटकलें पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा था कि पार्लियामेंट बोर्ड इसको तय करेगा लेकिन नड्डा के नाम पर पार्लियामेंट बोर्ड को इस पर सोचने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

सीएम के इस बयान के बाद यह माना जा रहा था कि बराला के नाम पर केंद्रीय नेतृत्व ने मोहर लगा दी है।

याद रहे की 2014 में रामबिलास शर्मा के नेतृत्व में भाजपा ने हरियाणा में बहुमत



भारतीय जनता पार्टी
केन्द्रीय कार्यालय
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-110002
फोन: 011-23500000 फैक्स: 011-23500190

दिनांक: 11.02.2024

प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने विभिन्न राज्यों में होने वाले आगामी राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव हेतु निम्नलिखित नामों पर अपनी स्वीकृति प्रदान की है।

राज्य सभा द्विवार्षिक चुनाव 2024

| क्र. | राज्यों का नाम | उम्मीदवारों का नाम |
|---|---|---|
| 1. | बिहार Bihar | श्रीमती (डॉ.) धर्मशीला गुप्ता Smt. (Dr.) Dharmsheela Gupta |
| 2. | बिहार Bihar | डॉ. भीम सिंह Dr. Bhim Singh |
| 1. | छत्तीसगढ़ Chhattisgarh | राजा देवेन्द्र प्रताप सिंह Raja Devendra Pratap Singh |
| 1. | हरियाणा Haryana | श्री सुभाष बराला Shri Subhash Barala |
| 1. | कर्नाटक Karnataka | श्री नारायणा कृष्णासा भांडगे Shri Narayana Krishanasa Bhandage |
| 1. | उत्तर प्रदेश Uttar Pradesh | Shri आर.पी.एन. सिंह Shri R.P.N. Singh |
| 2. | उत्तर प्रदेश Uttar Pradesh | डॉ. सुधांशु त्रिवेदी Dr. Sudhanshu Trivedi |

हासिल किया था। उस समय रामबिलास शर्मा के अलावा राव इंद्रजीत सिंह, ओपी धनखड़ तथा अन्य दो–तीन नेताओं को मुख्यमंत्री के तौर पर अलग–अलग सभाओं में प्रोजेक्ट किया गया था।

2014 में पंडित रामबिलास शर्मा को एक तरफ करके भाजपा के शीश नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने हरियाणा प्रभारी होने के समय साथी बने मनोहर लाल खट्टर खट्टर को तवज्जो देकर उनकी मुख्यमंत्री के रुप में ताजपोशी करके सबको हैरत में डाला था।

एक समय ऐसा था जब पंडित रामबिलास शर्मा हरियाणा में मंत्री थे और मनोहर लाल खट्टर संगठन का काम देखते थे। तब उनको रामबिलास शर्मा से मिलने के लिए घंटे प्रतीक्षा करनी पड़ती थी। भाजपा के अंदरूनी सूत्र बताते हैं कि मनोहर लाल खट्टर तभी से पंडित रामबिलास शर्मा से ईर्ष्या रखते हैं।

राज्यसभा में इससे पहले पंडित डीपी वत्स की भाजपा की तरफ से इकलौती सीट थी।

रामबिलास शर्मा के अनदेखी कर अपने चाहते सुभाष बराला की पहल करके खट्टर ने हरियाणा में फिर से ब्राह्मणों को बड़ा झटका दिया है। इसे पूर्व मुख्यमंत्री का लोकसभा सांसद अरविंद शर्मा के साथ भी मतभेद रहा है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि हरियाणा के जाटों ने कभी भी भाजपा नेताओं को नहीं अपनाया। उनका रुझान देवीलाल, ओमप्रकाश चौटाला, सर छोटूराम के नाती चौधरी वीरेंद्र सिंह तथा भूपेंद्र सिंह हुड्डा से ज्यादा रहा है। मुख्यमंत्री का यह दांव लोकसभा चुनाव में कहीं उल्टा ना पड़ जाए क्योंकि जाट तो भाजपा के साथ आने से रहे उल्टा ब्राह्मण भाजपा से खफा ना हो जाए।

देश के 15 राज्यों की 56 राज्यसभा सीटों पर चुनाव होना है इन सभी सीटों पर 27 फरवरी को मतदान होगा 13 राज्यों के 50 राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल 2 अप्रैल को समाप्त हो रहा है जबकि दो राज्यों के शेष 6 सदस्य 3 अप्रैल को रिटायर्ड हो जाएंगे जिन 15 राज्यों में राज्यसभा चुनाव होने हैं उनमें हरियाणा के साथ उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और हिमाचल प्रदेश शामिल है।

# भालखी माजरा एम्स क्षेत्र के लिए नायाब तौहफा, 16 फरवरी को मोदी करेंगे शिलान्यास: राव इंद्रजीत सिंह

सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक

नारनौल। भालखी माजरा में प्रस्तावित एम्स अहीरवाल के लिए बेनायाब तोहफा होगा जो क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। एम्स के बनने के बाद क्षेत्र में बेरोजगारी, स्वास्थ्य सेवाएं के साथ विकास का नये आयाम स्थापित होंगे। आने वाली 16 फरवरी को प्रधानमंत्री इसका शिलान्यास करके अहीरवाल के विकास के लिए बेहतरीन उपहार देंगे। क्षेत्र की जनता की ज्यादा उपस्थिति इस अवसर पर मोदी का शुक्रिया अदा कर उऋण होने का कार्य करेगी। उपरोक्त उद्गार सोमवार को केंद्रीय सांख्यिकी एवं योजना राज्य मंत्री तथा नीति विभाग के उपाध्यक्ष राव इंद्रजीत सिंह ने लोक निर्माण विषय गृह में उपस्थित लोगों के समक्ष व्यक्त किये। इसे पूरा उन्होंने मंडी अटेली की अनाज मंडी में भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रैली में पहुंचने का निमंत्रण दिया।



उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल के दौरान देश में जो तरक्की हुई वह इससे पहले नहीं हुई। देश को नरेंद्र मोदी के रूप में बेहतर नेतृत्व मिला है। उन्होंने एम्स को लेकर एक किस्सा भी सुनाया और कहा कि क्षेत्र में स्वास्थ्य को लेकर बेहतरीन सेवाएं नहीं थी। प्रस्तावित एम्स को लेकर जेपी नड्डा से भी चर्चा हुई थी और बड़ी मेहनत के बाद क्षेत्र को यह तौहफा मिला।

विकसित भारत की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हम आबादी के क्षेत्र में सबसे बड़े हैं। हमारे बाद चीन का नंबर है । आज हम आर्थिक क्षेत्र में चीन से भी पहले नंबर पर आ रहे हैं ।हिंदुस्तान ने अतीत से विश्व को रास्ता दिखाया है, जो आज भी जारी है। आठवीं से 18वीं शताब्दी तक विश्व में हमारी 24 से 27प्रतिशत आर्थिक स्थिति थी। उस समय अमेरिका दूर–दूर तक नही था। अमेरिका के आर्थिक स्थिति में बेहतर होने के बाद भी हमारी स्थिति सुदृढ़ थी। अंग्रेजों के आगमन से पूर्व जो आर्थिक स्थिति 27प्रतिशत थी अंग्रेजों के जाने के बाद बिगड़ी। अंग्रेजों ने हमारे देश को पूरी तरह से निचोड़ा। उनके जाने के बाद हमारी आर्थिक स्थिति साढे तीन प्रतिशत रह गई थी।

श्री राव ने कहा कि 10 साल के मोदी शासन काल में आर्थिक स्थिति बेहतर हुई जो पहले नहीं थी। यह कोई हवा बाजी में नही कहा जा रहा, आंकड़े इस बात के गवाह है। उन्होंने कहा कि कोविड के समय हमें कमजोर देश समझा जाता था। हमने कोविड की वैक्सीन विकसित करके विश्व को दी, और अपनी शक्ति का अहसास करवाया। कोविड से पहले और कोविड के बाद में हमारी स्थिति 6% बढ़ी जबकि ब्रिटेन की दो से तीन प्रतिशत तक ही बढ़ोतरी रही। देश को मोदी का सशक्त नेतृत्व मिला। उनकी बदौलत भविष्य में देश आर्थिक महाशक्ति बनने जा रहा है।

गुरुग्राम के सांसद ने कहा कि अहीरवाल सैनिक बाहुल्य क्षेत्र है। पाली गोठड़ा का सैनिक स्कूल इसी कारण बनाया गया। हमने मातनहेल या किसी दूसरे क्षेत्र का हक नहीं काटा अपितु हमारे हक को अधिकार पूर्वक हासिल किया है।

डेडीकेट रेल कॉरिडोर योजना को लेकर उन्होंने कहा कि इस पर पौने दो लाख करोड रुपए का खर्चा आएगा। इसका फायदा यह होगा कि सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं में कमी आएगी और सड़कों पर वाहनों का घनत्व भी काम होगा। इसके साथ कोरिडोर के दोनों ओर औद्योगिक क्षेत्र विकसित होंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने एक बेहतरीन फैसला किया है कि प्रदेश के युवाओं को 75प्रतिशत का रोजगार दिया जाएगा लेकिन चूंकि है मामला सुप्रीम कोर्ट में अटक गया है इसलिए इसमें समय लग सकता है। कॉरिडोर के कारण विकसित औद्योगिक क्षेत्र होने पर युवाओं के लिए विकास के नए आयाम खुलेंगे और बेरोजगारी की दर कम होगी।

उन्होंने भिवानी महेंद्रगढ़ के सांसद धर्मवीर सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि आज वह देश में सबसे ज्यादा मांग उठने वाले सांसद हैं। वह क्षेत्र के विकास के साथ किसानों के मामलों को बड़ी बुलंद आवाज से उठाते रहे हैं। जब तक हमारे ऐसे जनप्रतिनिधि रहेंगे क्षेत्र के साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं हो सकता।

इस पूर्व भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा से सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विकास को लेकर केंद्र का बजट 47 लाख करोड़ से ज्यादा है। बजट में हर क्षेत्र के हिसाब से राशि निर्धारित की गई है। बजट बनने के बाद योजना बनती है।

इससे पहले पंचवर्षीय योजनाएं बनती थी लेकिन मोदी के नेतृत्व में नीति आयोग बनाया गया। जिसका परिणाम है क्षेत्र में बेहतरीन सड़के देखने को मिली। इसके साथ देश के 142 करोड लोगों के स्वास्थ्य के लिए पहली बार आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा गया। केंद्रीय योजनाओं और बजट को लेकर देश की जनता को 10 साल पहले पता नहीं लगता था। उन्होंने उदाहरण देकर कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में रेलवे का कायाकल्प हो गया।

# आत्मरक्षा प्रशिक्षण एक जीवन कौशल है: डॉ पूर्ण प्रभा



सिटी24न्यूज/अशोक कौशिक

नारनौल। राजकीय महाविद्यालय नारनौल में महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित किए जा रहे 10 दिवसीय आत्मरक्षा एवं ताइक्वांडो प्रशिक्षण कैंप के आठवें दिन प्राचार्या डा पूर्ण प्रभा की अध्यक्षता में छात्राओं को योग और मार्शल आर्ट ताइक्वांडो का प्रशिक्षण दिया गया।

प्राचार्य डॉ पूर्ण प्रभा ने कहा कि महिलाए सशक्त होंगी तो समाज मजबूत होगा। योग और ताइक्वांडो से महिला सुरक्षा मजबूत होंगी। महाविद्यालय महिला सशक्तिकरण पर हमेशा अग्रणी भूमिका निभा रहा है। साथ ही साथ आत्मरक्षात्मक प्रशिक्षण के माध्यम से बालिकाओं को संकट के समय अपनी रक्षा के लिए मनोवैज्ञानिक, बौद्धिक एवं शारीरिक रूप से मजबूत बनना सिखाया जाता है।

देश में लड़कियों के खिलाफ अपराधों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्कूल–कॉलेज में उन्हें आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान करना महत्वपूर्ण है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण एक जीवन कौशल है जो लड़कियों को अपने परिवेश के बारे में अधिक जागरूक होने और किसी भी समय अप्रत्याशित के लिए तैयार रहने में मदद करता है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से, लड़कियों को संकट के समय अपनी रक्षा करने के लिए मनोवैज्ञानिक, बौद्धिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनना सिखाया जाता है। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षात्मक प्रशिक्षण तकनीकें लड़कियों में आत्मविश्वास पैदा करती हैं। लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने में मदद करती हैं। प्रशिक्षण की शुरुआत योग अभ्यास से की गई।

इस दौरान मनोहर लाल ताइक्वांडो कोच द्वारा 200 से अधिक छात्राओं को आत्मरक्षा के नए–नए प्रशिक्षण सिखाए गए।

हर परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा करने आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

महिला प्रकोष्ठ अधिकारी डॉ पलक द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा एवं महिलाओं के उत्थान को लेकर सरकार द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया गया। इस योग और मार्शल आर्ट से बालिकाओं में आत्मविश्वास पैदा करने, उनको अपने परिवेश के बारे में जागरूक होने एवं किसी भी अप्रत्याशित घटना के बचाव के लिए तैयार रहने में मदद करता है।

# बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने ली जनपरिवेदना समिति की मासिक बैठक

सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक

नारनौल। बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने बिजली निगम के जेई दलीप के खिलाफ कई शिकायत आने, आमजन का काम समय पर न करने व आमजन से गलत व्यवहार करने के कारण जेई को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। साथ ही विजिलेंस जांच करवाने के निर्देश दिए।

बिजली मंत्री आज पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवेदना समिति की मासिक बैठक में शिकायतें सुन रहे थे। आज की बैठक में पहले से निर्धारित 17 मामले सुनवाई के लिए रखे गए, जिनमें से 13 मामले निपटाए गए। शेष 4 बच्चे मामलों को जांच कर जल्द से जल्द निपटने के निर्देश दिए।



वन मंडल अधिकारी कार्यालय महेंद्रगढ़ में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर दीपक शर्मा की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए बिजली मंत्री ने अतिरिक्त उपायुक्त को जांच कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए। गांव बारडा निवासी दलीप सिंह की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए प्लॉट के अंदर ग्राम पंचायत बारडा द्वारा बनाए गए रास्ते को जांच कर जल्द से जल्द हटाने के निर्देश दिए। नांगल सिरोही के राजेश की नाले से संबंधित शिकायत पर कार्रवाई करते हुए बीडीपीओ को जांच करने के निर्देश दिए। इस बैठक में उपायुक्त मोनिका गुप्ता, एडीसी दीपक बाबूलाल करवा, जिला नगर आयुक्त महाबीर प्रसाद, एसडीएम नारनौल जितेंद्र सिंह, एसडीएम महेंद्रगढ़ संजीव कुमार, जिला प्रमुख डॉ राकेश कुमार, नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी, जेजेपी के जिला प्रधान डॉ मनीष शर्मा, बीजेपी के पूर्व जिला अध्यक्ष शिवकुमार मेहता तथा गोविंद भारद्वाज के अलावा समिति के सदस्य मौजूद थे।


# हरियाणा ट्रस्ट बेस्ड रीडिंग मोबाइल ऐप का भविष्य में बहुत अच्छा परिणाम आएगा

सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक

नारनौल। हरियाणा राज्य में हरियाणा ट्रस्ट बेस्ड रीडिंग मोबाइल ऐप की शुरुआत की गई है। इसमें पहले चरण में चार जिलों महेंद्रगढ़, हिसार, फरीदाबाद व करनाल को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में इसका बहुत अच्छा परिणाम आएगा। हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने यह बात आज यहां पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवेदना समिति की मासिक बैठक में जनसुनवाई के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही।

**इसमें पहले चरण में चार जिलों महेंद्रगढ़, हिसार, फरीदाबाद व करनाल को शामिल किया गया है**

लोकसभा चुनाव के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने कहा कि कुछ समय पहले राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली जीत व राम मंदिर के निर्माण के परिणामों से लगता है कि भारतीय जनता पार्टी का एक तरफा मुकाबला है। हरियाणा में भी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी 10 की 10 सीटें जीतेगी। हिसार लोक सभा सीट से चुनाव लड़ने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि यह पार्टी को फैसला लेना है। अगर पार्टी हिसार लोकसभा से सीट देती है तो निश्चित ही भारी मतों से लोकसभा का चुनाव जीतूंगा।




# खेल व्यक्तित्व विकास की खुराक: डॉ. राज नेहरू

## श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिक खेल उत्सव में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

सिटी24न्यूज/हेमलता

पलवल। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि खेल व्यक्तित्व विकास की खुराक है। हर विद्यार्थी को खेलों के माध्यम से अपने व्यक्तित्व का विकास करना चाहिए। विद्यार्थियों के लिए यह पढ़ाई का दबाव कम करने के लिए भी एक सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। वह सोमवार को श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिक खेल उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में अपना दमदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने खेलों एवं विज्ञान पर आधारित मॉडल भी प्रदर्शित किए।



कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि खेलों के माध्यम से जीवन के दूसरे क्षेत्रों में भी प्रगति की ओर बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। वर्तमान दौर में शारीरिक श्रम एवं गतिविधियां कम हो रही हैं। इसलिए विद्यार्थियों को खेलों की ओर रुचि बढ़ानी चाहिए। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि इसीलिए यहां फिजिकल ट्रेनर का कोर्स भी करवाया जाता है। खेल भी एक बेहतरीन करियर हो सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय में विश्व स्तरीय खेल इंफ्रास्ट्रक्चर बनकर तैयार हो गया है। आने वाले दिनों में इसके बेहतरीन परिणाम सामने आएंगे।

विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने कहा कि खेलों में जब हम कोई गोल करते हैं तो यह एक लक्ष्य की प्राप्ति मात्र नही है, बल्कि इससे हर बार लक्ष्य को और अधिक विस्तृत करने तथा उसे प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। कुलसचिव ने खिलाड़ियों से खेलों के माध्यम से अनुशासन और मेहनत की प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जलबीर सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल की विभिन्न गतिविधियां करवाई जा रही हैं। नित्य प्रति विद्यार्थियों को खेल मैदान और खेल के अन्य सामान उपलब्ध करवाए जाते हैं।

# जीवन ज्योति स्कूल के छात्र ने सीए बन किया स्कूल व जिले का नाम रोशन

सिटी 24 न्यूज/हेमलता

पलवल। हाल ही में आईसीएआई द्वारा घोषित सीए के परीक्षा परिणाम में जीवन ज्योति स्कूल पलवल के छात्र रहे ललित मित्तल ने सीए बन स्कूल जिला तथा राज्य का नाम सम्पूर्ण भारत में रोशन किया है। ललित मित्तल वर्ष 2016–17 में स्कूल का टापर छात्र रहा है। अभी हाल 2023–24 में ललित मित्तल स्कूल का छटा छात्र है जो सीए बना है। स्कूल प्रबंधक विरेन्द्र गहलौत ने ललित मित्तल व उनके अभिभावकों तथा पढाने वाले सभी अध्यापकों को बधाई दी तथा ललित मित्तल के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रबंधक महोदय ने बताया कि इस छात्र ने हरियाणा बोर्ड से 12वीं पास करने के बाद प्रथम चरण में ही सीए फाउंडेशन परीक्षा पास कर स्कूल का नाम रोशन किया था। प्रबंधक विरेन्द्र गहलौत ने कामर्स संकाय से गत वर्ष सीए बने अभिषेक दीपिका दलाल विकाश मंगला स्वाति रावत युवराज तथा सीएस क्वालिफाई करने वाली निधी कुंडू अंशु शर्मा आयुषि भारद्वाज को भी बधाई दी। सभी



छात्रों ने इसका श्रेय स्कूल की कर्मठ कामर्स संकाय वाले अध्यापकों की अथक मेहनत तथा स्कूल मेनेजमैंट को दिया। वहीं अपनी इस उपलब्धि के बाद ललित मित्तल ने बातचीत में बताया कि उनका परिवार एक मध्यम परिवार से संबंध रखता है। ललित पलवल की शिव कालोनी के रहने वाला छात्र है। उनके पिता जी एक दुकानदार तथा माता जी गृहणी है। ललित ने बताया कि सीए करने के दौरान वह अपने अध्यापकों के लगातार सम्पर्क में था। ललित ने जीवन ज्योति स्कूल की समस्त कॉमर्स संकाय के मार्गदर्शन के लिए भी धन्यवाद किया। स्कूल चेयरमैन बीरपाल गहलौत, रंजीत गहलौत तथा स्कूल प्रधानाचार्य ने ललित मित्तल उनके परिवार तथा स्कूल के सभी अध्यापकों को बधाई देते हुए ललित के उज्जवल भविष्य की कामना की।

